बैठक ▶ नगर निगम में आयोजित की गई एमआईसी की बैठक, विकास कार्यों को स्वीकृति

# चौराहों का होगा नामकरण, नगर बनेगा सुंदर



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में बुधवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट, प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों की सूची के अनुमोदन, आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत भवनों को आपसी सहमति से बदलने, चौराहों के नामकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि नगर निगम द्वारा तैयार किए गए बजट का उद्देश्य शहर विकास को गति देना और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। परिषद की बैठक में बजट पर चर्चा के बाद बजट को अंतिम स्वीकृति दी। जिसके बाद विकास कार्यों को क्रियान्वित किया जाएगा। बजट में जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकताओं का निर्धारण किया गया है, ताकि शहर के विकास कार्यों में लगातार होते रहे हैं। बजट में शव वाहन और लावारिस शव वाहन की व्यवस्था के विशेष प्रावधान कराया गया है। गई। आईएचएसडीपी योजना के तहत भवन आवंटन के बाद आपस में अदला बदली किए जाने के लिए शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत आवेदकों के प्रस्ताव पर विभाग द्वारा बताया गया कि शासन के नए निर्देशों के अनुसार भवनों के आवंटन में चयनित हितग्राही मेयर इन काउंसिल के अनुमोदन के बाद आपस में भवनों को बदल सकते है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में भवनों,भूमियों पर संपत्ति कर नियम 2020 की गणना अनुसार क्षेत्र वर्गीकरण और कर योग्य संपत्ति मूल्य में वृद्धि के संबंधी प्रस्ताव पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की तारीख से अधिकतम 1 माह के भीतर संकल्प अंगीकृत करना अनिवार्य है। नगर पालिका नियम अनुसार प्रत्येक नगरपालिका को वर्ष विशेष के लिए कलेक्टर गाइडलाइन में निर्धारित क्षेत्रों के अनुरूप वर्गीकृत किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 मे करयोग्य संपत्ति मूल्य की दरों के निर्धारण के लिए कलेक्टर गाइडलाइन अनुसार वर्ष 2024-25 और 2025 -26 की तुलना अनुसार आवासीय, व्यवसायिक भवन, प्लाट की दर में वार्ड के अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रतिशत वृद्धि के आधार पर नगर निगम में संपत्ति कर की पूर्व निर्धारित कर योग्य संपत्ति मूल्य में 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अनुमोदित कर स्वीकृति के लिए परिषद बैठक में भेजा गया है। इसके अलावा बैठक के दौरान चैराहों के नामकरण और कर्मचारी संबंधी प्रस्ताव सहित विभिन्न अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चौथे चरण के तहत 8 करोड़ रूपए की लागत से सड़क, नाली, चैराहों का सौदर्यीकरण सहित माधवनगर गेट के नव निर्माण कार्यो के संबंध में चर्चा कर सर्वसम्मित से विकास कार्यो को कराने की स्वीकृति दी गई। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उमेन्द्र ओमी अहिरवार, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू मखीजा, तुलसा गुलाब बेन, उपायुक्त शैलेष गुप्ता सहित नगर निगम के सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## सूफियाना गीत-संगीत पर देर रात तक झूमते रहे युवा

▶ सिंधियत शाम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नवभारत, कटनी।** राजस्थान के अजमेर आए सिंगर लवी कमल भगत ने सूफियाना अंदाज में दी गई सिंधियत से जुड़े गीत-संगीत की प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। सुहानी शाम में देर रात तक पूरा वातावरण गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से झूमता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वरुण देव अवतार भगवान श्री झूलेलाल की आरती से हुआ। कार्यक्रम में पूज्य श्री सिंधी सेंट्रल पंचायत कटनी के अध्यक्ष चंदूलाल जादवानी, पूज्य श्री सेंट्रल पंचायत शांति नगर के अध्यक्ष अशोक चेलानी, सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष राज कुमार नानकानी, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, गोवर्धनदास उदासी, दिलीप उदासी, मनीष गेई, प्रेम बत्रा, गोविंद सचदेवा, मेघराज खुबचंदानी, ठाकुरदास रंगलानी, मोहनलाल हीरानी, चीनी चेलानी, पंकज आहूजा, दिनेश जसवानी, हीरानंद साहजवानी, पीतांबर टोपनानी, नेवंदराम खुबचंदानी, राहुल होतवानी, रोशन खटवानी, नानकराम खुबचंदानी, अमर पुरुस्वानी, जय कुमार रामसिंघानी, राजेश रोहरा, रामचंद तखानी, श्रीचंद तनवानी, अशोक रीझवानी, मनोहर उधवानी, मनीष जीवनानी, राकेश चांदवानी, रोहन पंजवानी, गोलू मेलवानी, चेतनदास सोमयानी की उपस्थिति रही। इसके अलावा सुहिणों सिंधी ग्रुप के भावेश संगतानी, सचिन खुबचंदानी, रोहन खूबचंदनी, रोहित खूबचंदानी, संदीप हिंदुजा सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### एक नजर में

## बकाया करों के अधिभार में मिलेगी छूट, 31 तक लगेंगे शिविर

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को राहत देते हुए नगर निगम के बकाया करों पर लगने वाले अधिभार में नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर दी जा रही छूट की अवधि को बढ़ाकर अब 31 मार्च तक कर दिया गया है। इस निर्णय के अंतर्गत नागरिक अपने बकाया संपत्ति कर और जलकर का भुगतान निर्धारित अवधि के भीतर कर अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम ने सभी शहरवासियों से कहा है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का भुगतान 31 मार्च के पहले अवश्य करें, ताकि अतिरिक्त आर्थिक भार से बचा जा सके और नगर के विकास कार्यों में सहयोग दिया जा सके। किया जा सके। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नगर के अधिक से अधिक शहरवासी शासन द्वारा दी की गई इस सुविधा का लाभ देने के लिए निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर गुरुवार से शहर के पांच स्थानों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर बस स्टैंड, दुर्गा चौक, माधवनगर उप कार्यालय, सुभाष चौक में लगाए जाएंगे। शहरवासी इन शिविरों के माध्यम से बकाया जल और संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।

## ग्रामीण कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत, कटनी।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। कार्यकारिणी में युवाओं को प्राथमिकता देते हुए जातीय संतुलन साधने की कोशिश साफ नजर आ रही है। कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन के बाद जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह द्वारा घोषित की गई है। कार्यकारिणी में जिला संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुदरहा, उपाध्यक्ष सुधीर जैन, तुलसीराम यादव, संदीप बाजपेई, रामकृष्ण पटेल, सुनील सिंह, रविंद्र बाजपेई, श्रीमती भारती सूरज सिंह, हारिस रुस्तम, रंजीत सिंह, कमलेश चौधरी, महामंत्री परमलाल कोल, विपिन सिंह बघेल, जगदीश चौधरी, विजय अग्रवाल, कौशल राजपूत, अजय गर्ग, सुशील राय,चंद्र प्रताप सिंह,जवाहर सिंह, लल्लन सिंह, मथुरा प्रसाद झारिया, शेख सिकंदर आजाद, रवि दुबे, गुड्डू द्विवेदी, बसंत द्विवेदी, चंद्र प्रताप तिवारी, सचिव अजय सिंह रघुवंशी, क्षेत्रपाल पटैल, गौरव शाह, सुमेर सिंह पटैल, राम सुजान पटेल, मंगू आदिवासी, जवाहर सिंह, हीरालाल पटेल, राजेश सिंह, जगदीश पटेल, छत्रपाल सिंह, सुमेर सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह, प्रेमलाल नामदेव, देवराज कुशवाहा, शैख खलील, प्रेम लाल केवट, रमेश पाटकर, सुदामा खटीक, प्रवक्ता ब्रजराज परमार, केएल राय, सोशल मीडिया प्रभारी शब्बीर खान, सुरेन्द्र तिवारी गुड्डू को बनाया गया है। सभी पदाधिकारी कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## महाआरती में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

▶ शहीद द्वार स्थित दुर्गा मंदिर में हुआ आयोजन



**नवभारत, कटनी।** जगत जननी मां जगदंबे की आराधना के पावन अवसर पर पूरे जिले में भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं। भक्तजन जलार्पण कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर रहे हैं। नई बस्ती स्थित शहीद द्वार दुर्गा मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर में सुबह से ही पूजन-अर्चन का क्रम जारी रहता है, वहीं प्रतिदिन शाम साढ़े सात बजे आयोजित महाआरती में काफी संख्या में श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हो रही हैं। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आ रहा है। मंदिर समिति के अनुसार 26 मार्च को समाजसेवी अभिलाष दीक्षित द्वारा मां जगदंबे को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 27 मार्च को सुबह हवन-पूजन के बाद दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां जगदंबे के दर्शन करने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए कहा गया है।

## पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

▶ एसडीएम ने अपने क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बुधवार को जिलेभर में एसडीएम और खाद्य अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था, प्रति लीटर दरों की भी जानकारी ली गई। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने क्षेत्र के श्याम फिलिंग स्टेशन, सोना पन्ना फिलिंग स्टेशन, सत्यसांई भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। यहां पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई। कटनी एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बस स्टैंड के पास स्थित प्रकाश फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण कर स्टॉक और दरों की जानकारी ली। कलेक्टर ने विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा के एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## सही इलाज और पूरा कोर्स करने से ठीक हो जाती है टीबी की बीमारी

▶ एमजीएम में हुआ विश्व क्षय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**नवभारत, कटनी।** एमजीएम स्कूल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और एमजीएम हॉस्पिटल में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी से संबंधित संदेशों को सुंदर और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने टीबी के कारण, लक्षण, रोकथाम और इलाज पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टीबी मुक्त भारत की शपथ थी जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अस्पताल स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं जागरूक रहेंगे और समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और संस्थान के प्राचार्य, शिक्षकों ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है, और सही समय पर पहचान, उपचार से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।

## बच्चों को बताया शिक्षा का महत्व, दिए विद्यार्थी प्रमाण पत्र

▶ बाकल गांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**नवभारत, बाकल।** महिला बाल विकास परियोजना बहोरीबंद के अंतर्गत बाकल गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन बच्चों को विद्यार्थी प्रमाण पत्र दिए गए, जो अब प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। आंगनवाड़ी की प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर अब ये बच्चे औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के महत्व और उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मनोज पटेल, सचिव बेड़ी लाल चौधरी, शिक्षिका पार्वती अग्रवाल, सुनीता बेन, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अंजुसा उपस्थित रहीं। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी कार्यक्रम में शामिल रहीं।

## हमारी जागृति से समाज में होगा सुधार, हम जागेंगे तो राष्ट्र बदलेगा

▶ हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन का आयोजन




**नवभारत, कटनी।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में जालपा देवी मंदिर में मातृ शक्तियों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विहिप की क्षेत्र संयोजिका सुनीता गर्ग ने हिंदू नव वर्ष के विषय को प्रभावी तरीके से मातृशक्तियों बताया। उन्होने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है और यहां आकर हमें अपने मानस पटल पर यह बिठाना है कि हमारी जागृति से समाज का सुधार होने वाला है, हम जागेंगे तो हमारा राष्ट्र बदलेगा,भारत माता बहुत उम्मीद से हम सब मातृ शक्तियों की ओर देख रही है की कब यह मेरी पुत्रियां जागेंगी और कब इस समाज का और राष्ट्र का कल्याण होगा। उन्होने कहा कि आप सब जागृत रहिए, इसी से समाज जागृत होता है, परिवार सुधरता है, हम जिस भारत माता को अखंड बनाने का सपना देख रहे हैं, जिस भारत माता को विश्व गुरु के शिखर पर विराजमान करने का सपना देख रहे हैं, सभी मातृ शक्तियों का इसी प्रकार थोड़ा-थोड़ा सहयोग रहेगा तो निश्चित ही हमारी भारत माता विश्व गुरु के शिखर पर विराजमान होगी। कार्यक्रम में काफी संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

## दिन में रेत का अवैध खनन और रात के अंधेरे में किया जा रहा परिवहन

▶ रेत के अवैध खनन पर अधिकारियों ने साधा मौन



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नदियों पर इन दिनों रेत माफियाओं का कहर इस कदर बढ़ गया है कि शासन प्रशासन के नियम और कानून महज कागजों तक सीमित रह गए हैं। जिन नदियों से रेत निकासी पर पूरी तरह प्रतिबंध है, वहां से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रॉली रेत अवैध रूप से निकाली जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासनिक अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा है, जिससे रेत का अवैध खनन रोकने के दावों की पोल खोल खुल गई है। सूत्रों के अनुसार रेत माफियाओं ने काम करने का एक नया तरीका अपना लिया है। दिन के उजाले में 30 से 40 मजदूरों को लगाकर गुपचुप तरीके से नदियों के किनारे रेत के बड़े-बड़े ढेर इकट्ठे किए जाते हैं। जैसे ही सूरज ढलता है, माफियाओं का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है और रात के अंधेरे में टेक्टर ट्राली के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से किया जाता है। तहसील की दो-तीन प्रमुख नदियों को रेत खनन के लिए आवंटित नहीं किया गया है, बावजूद इसके माफिया बेखौफ होकर रेत अवैध खनन और परिवहन कर रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन के कारण में पूर्व में कई छोटी-बड़ी घटनाएं भी हुईं हैं, लेकिन प्रशासन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी रेत के अवैध खनन और परिवहन पर मौन साधे हुए हैं।

जल्द ही इन रेत का अवैध खनन और परिवहन करने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा और जलस्तर गिरने से भविष्य में गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

क्राइम मीटिंग ▶ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति, पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

## अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदार, जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर करें कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के सभी थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों की उपथिति में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में एसपी ने कहा कि अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, जिले में किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। आगामी त्योहार रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय करने, सुरक्षा व्यवस्था में उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना और चौकी प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, मुख्य मार्गों और तिराहों पर विशेष निगरानी रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रभावी रात्रि गश्त करने और आमजन से लगातार संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया। फरार स्थायी वारंटी और इनामी बदमाशों की थाना स्तर पर समीक्षा कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश कर उनकी जल्द दस्तयाबी किए जाने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान, खत्मा खर्जी, शिकायतों, महिला, बच्चों से संबंधित अपराधों की समीक्षा करते हुए उनका जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं। लंबित मर्ग और माल के निराकरण के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए। एमएलसी औश्र पीएम रिपोर्ट को मेडलेपर पोर्टल के माध्यम से भेजने, प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने, किसी भी प्रकार की अफवाह को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अवैध शराब, सट्टा, जुआ, अवैध हथियार, मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आदतन अपराधियों की निगरानी बढ़ाने, अधिक से अधिक बदमाशों को बाउंड ओवर करने तथा गंभीर अपराधियों की जमानत नस्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग में सख्ती लाने, अवैध हथियारों की रोकथाम, अवैध गोवंश परिवहन पर कार्रवाई, स्थायी व फरार वारंटियों की गिरफ्तारी तेज करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉटों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए ई-साक्ष्य आधारित विवेचना को मजबूत बनाने, साइबर अपराध के जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया है।




